ADVANCE CERTIFICATE IN SECURITY MANAGEMENT (ACSM)

00088

Term-End Examination

June, 2013

BSEI-001 : DUTY OF SECURITY PERSONNEL

Time : 3 hours *Maximum Marks : 100*

नोट : ***सभी*** *प्रश्न करने* ***अनिवार्य*** *हैं।*

1. (a) निम्नलिखित के खाली स्थान भरो : **10x1=10**

(i) टैंकर खाली करने की प्रक्रिया में टैंकर को ________ जगह पर खड़ा करवायें।

(ii) चैक करें कि टैंकर को भरने व खाली करने वाले पाईप पर ________ लगी हुई है।

(iii) वाहन को धर्मकाँटे के ________ पर धीरे चलाकर खड़ा करें।

(iv) चार दिवारी पर लगे एंगल का ऊपर वाला सिरा ________ डिग्री पर बाहर की तरफ झुका होना चाहिए।

(v) सुरक्षाकर्मी का मुख्य उद्देश्य ________ व्यक्तियों के प्रवेश पर अंकुश लगाना होता है।

(vi) सभी सुरक्षा कार्यालयों में आगन्तुकों के प्रवेश हेतु एक ________ पुस्तिका होती है।

(vii) स्वागत कक्ष में सुरक्षाकर्मी की ड्युटियाँ __________ के समान ही होती है।

(viii) उत्सवों के दौरान भीड़ पर नियन्त्रण करने के लिए __________ का प्रयोग करना चाहिए।

(ix) बाहर जाने वाला सामान __________ और __________ प्रकार का होता है।

(x) आत्मरक्षा का अधिकार की व्याख्या IPC की धारा __________ में दी गई है।

(b) नीचे लिखे वाक्यों पर **सही** या **गलत** का निशान लगायें : **10x1=10**

(i) सुरक्षाकर्मी किसी भी कर्मचारी से पैसा उधार ले सकता है। ( )

(ii) गेट पास पर कोई भी अधिकारी हस्ताक्षर कर सकता है। ( )

(iii) धारा - 319 में चोट की व्याख्या की गई है। ( )

(iv) आमतौर पर गेट पास तीन प्रकार का होता है। ( )

(v) आपूर्तिकर्त्ता (Supplier) को कामगार श्रेणी में शामिल किया गया है। ( )

(vi) वाहन तीन प्रकार के होते हैं। ( )

(vii) सी.सी.टी.वी. व्यक्तिगत अवरोध की श्रेणी में आता है। ( )

(viii) चार दिवारी के साथ-साथ अन्दर की तरफ 20 फुट तक रास्ता साफ़ होना चाहिए। ( )

(ix) टुटा-फूटा या रद्दी सामान एक तरफ चार दिवारी के पास डम्प करें ताकि रास्ते में रुकावट न हो।( )

(x) अवलोकन बुर्ज (Tower) परंपरागत प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगाने का एक तरीका है। ( )

(c) निम्न का **स्तम्भ 'क'** से **स्तम्भ 'ख'** का मिलान करो : **4x1=4**

'क'	**'ख'**
(i) धर्मकाँटा	(A) चिंगारी रोधक
(ii) टैंकर	(B) चार दिवारी/बाड़
(iii) अवरोधक	(C) अंशशोधन
(iv) काँटेदार तार	(D) सुरक्षा चौकियाँ

(d) सही उत्तरों का चयन कीजिए : **4x1=4**

(i) निम्नलिखित में कार्यभार का प्रकार है :

(A) हवाई अड्डे

(B) इमारतों के स्थल

(C) कार पार्किंग

(D) उपरोक्त सभी

(ii) भारतीय नागरिक को अपनी सम्पत्ति की रक्षा का अधिकार धारा में दिया गया है :

(A) 96 (B) 97

(C) 95 (D) उपरोक्त में कोई नहीं

(iii) कुछ परिस्थितियों में व्यक्ति को आत्मरक्षा का अधिकार नहीं है। इसकी व्याख्या निम्न धारा में की गई है :

(A) 98 (B) 99

(C) 101 (D) 102

(iv) परिस्थितियाँ विपरीत होने पर सुरक्षाकर्मी का कर्त्तव्य है :

(A) उद्योग की सुरक्षा करना

(B) संयम को कायम रखना

(C) वाद-विवाद न करना

(D) उपरोक्त सभी

2. निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्न करो : **7x6=42**

(a) माल अन्दर आने पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखो।

(b) सुरक्षा लाईट्स के क्या-क्या फायदे हैं? लिखें।

(c) वाहन नियन्त्रण पर संक्षेप में नोट लिखें।

(d) सामान्य टेलीफोन कॉल के बारे में नोट लिखें।

(e) द्वार नियन्त्रण पर संक्षेप में लिखें।

(f) मुख्य द्वार पर इस्तेमाल होने वाले मुख्य पाँच रजिस्टरों के नाम लिखो।

(g) धर्मकाँटे पर वाहन तौलते समय क्या-क्या अनियमिततायें हो सकती हैं? लिखें।

(h) बल प्रयोग से आप क्या समझते हैं? इसका IPC की किस धारा में वर्णन किया गया है?

(i) अपहरण कितने प्रकार का होता है तथा इनका विवरण IPC की कौन-कौन सी धाराओं में किया गया है?

(j) प्राधिकृत व्यक्तियों की श्रेणी में कौन-कौन से लोग आते हैं? लिखें।

3. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्न करो। 3x10=30

(a) सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यभार प्रयोग में लाये जाते हैं। नाम लिखो तथा किन्हीं पाँच पर वर्णन करो।

(b) क्षति या नुकसान के क्या-क्या कारण हो सकते हैं? विस्तारपूर्वक वर्णन करो।

(c) आवागमन नियन्त्रण करते समय सुरक्षाकर्मी का किन-किन श्रेणी के लोगों से सम्पर्क होता है? लिखें तथा किसी एक श्रेणी पर विस्तारपूर्वक वर्णन करो।

(d) औद्योगिक अशान्ति के समय भीड़ इकट्ठा होने पर उससे निपटने के लिए सुरक्षा विभाग की क्या कार्य योजना होगी? वर्णन करें।

(e) चार दीवार/बाड़ कितने प्रकार की होती है तथा इसके निर्माण में क्या-क्या सामान प्रयोग में लाया जाता है?